# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## सितम्बर 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# विशेष अभियान चलाकर वर्षों से जाम नाली में सुचारू रूप से की गई निकासी की व्यवस्था, आकाश गंगा में जलभराव की नहीं होगी समस्या

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आकाश गंगा व्यवसायिक परिसर में 300 मीटर नाली की सफाई विशेष अभियान के तहत की गई है! मलबा से पटा हुआ नाली का अस्तित्व समाप्ति की कगार पर था, परंतु महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नाली निकासी की व्यवस्था बेहतर कर दी गई है! अब आकाश गंगा क्षेत्र में बारिश के दिनों में जलभराव की शिकायत प्राप्त नहीं होगी! लंबे अरसे से कचरो से पटी हुई नाली का नामोनिशान गायब हो गया था! निगम की टीम में जोन 1 आयुक्त सुनील अग्रहरि, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश द्विवेदी ने टोटल लॉकडाउन का फायदा उठाते हुए यहां विशेष अभियान चलाकर 40 सफाई कर्मचारियों की सहायता से नाली को निकासी के लिए पुन: तैयार कर दिया है! इस क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से होते हुए रेलवे पटरी की ओर एक ही नाली से पानी निकासी की व्यवस्था थी दूसरी नाली जो काफी हाउस की ओर से होते हुए रेलवे पटरी की ओर जाती है वहां पर की नाली जाम हो गई थी, यहां पर कुछ व्यवसायियों द्वारा नाली के ऊपर स्लैब निर्माण कर लिया था तथा व्यापारी गण सब्जियों के कैरेट को नाली के ऊपर रख देते थे जिससे नाली की सफाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था! सुपेला घड़ी चौक की ओर से एक ही नाली होने के कारण पानी ओवरफ्लो होने की शिकायतें प्राप्त होती थी! अब दूसरी मुख्य नाली की सफाई होने से ओवरफ्लो होने की संभावना कम हो जाएगी!



# कचांदूर स्थित कोविड केयर सेंटर में भोजन की स्पेशल थाली के माध्यम से परोसा जा रहा है भोजन के साथ मीठा, ताजा फल आदि

भिलाईनगर/ कचांदूर स्थित कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों को स्वादिष्ट भोजन परोसा जा रहा है! भोजन की स्पेशल थाली उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें एक मीठा अनिवार्य रूप से दिया जा रहा है मौसमी सब्जियों, रायता, सलाद, रोटी, पापड़, अचार, दाल, चावल से स्पेशल थाली तैयार की जा रही है !अलग-अलग प्रकार के नाश्ता दिए जा रहे हैं। कोविड सेंटर से कुछ ही दूरी पर मरीजों को अच्छा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिये कैंटिन में भोजन तैयार किया जा रहा है, मरीज ही नहीं बल्कि चिकित्सक स्टाॅफ एवं कोविड सेंटर से जुड़े हुए अन्य भी यहीं का बना भोजन ग्रहण कर रहे हैं। आयुक्त श्री रघुवंशी निरंतर यहां की भोजन व्यवस्था का फीडबैक लेते रहते हैं बल्कि कई बार उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की जांच परखी है। कोविड केयर सेंटर में मरीजों को समय पर उत्तम खाना देने के लिए निगम ने बेहतर व्यवस्था की है। कैंटिन में मरीजों के लिए प्रातः 6 बजे चाय, बिस्किट, 7 बजे से 9 बजे तक इडली, सांभर बड़ा, साबुदाने की खिचड़ी, पोहा, आलू गुंडा, उपमा, इत्यादि में से एक नाश्ता, 11ः30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 2 सब्जी, सलाद, पापड़, अचार, रोटी, रायता, मीठा से युक्त भोजन की थाली। इसके बाद दोपहर 4 से 5 बजे के बीच पुनः चाय और बिस्किट, 5 से रात 10 बजे तक रात्रि भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है! कोविड केयर सेंटर से स्वस्थ होकर लौटने वाले कई मरीजों ने भोजन की व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जताते हुए गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध कराने की बात कही है!



# गोबर से होने वाली आय से होरीलाल और पंचराम यादव ने खरीदा भैंस, ललिता यादव ने गोबर बिक्री की आय से चुकाई उधारी की रकम

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं जोन अंतर्गत गोबर खरीदी केंद्र बनाया जा चुका है जहां पशुपालक गोबर विक्रय कर अपने आय के साधन बढ़ा रहे हैं! छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना नगर पालिक निगम क्षेत्र के पशुपालकों के लिए लाभदायी साबित हो रही है। पशुपालक इस योजना से जुड़कर अपने डेयरी व्यावसाय को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। शहर में ऐसे कई पशुपालक हैं, जो पहले गोबर को इधर उधर फेंक देते थे। वे अब गोबर को फेंकने के बजाय हर दिन 800-900 रुपए तक कमाई कर रहे हैं। इस कमाई से पशुपालक मवेशियों के लिए दाना और हरा चारे का खर्च निकाल रहे हैं। वार्ड-3 कोसा नगर निवासी होरीलाल यादव बताते है कि वह काफी लंबे समय से डेयरी का व्यावसाय कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए हमेशा 17-18 मवेशियों के गोबर का निष्पादन चुनौती रही है। खाद बनाने के लिए डेयरी में अंदर एकत्र करते थे जितनी जगह खाद बनाने के लिए है वह भी उपयुक्त नहीं है। अब सरकार की गोधन योजना से हर दिन औसतन 350-400 किलोग्राम गोबर नगर पालिक निगम के भिलाई नगर स्थित शहरी गोठान के गोधन विक्रय केन्द्र में बेचते हैं। इससे उन्हें 700-800 रुपए की कमाई हो रही है। पिछले महीने करीब 15000 हजार रुपए का गोबर बेचा। उससे होने वाली कमाई को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 1 लाख की कीमत से एक भैंसी खरीदी है। बाकी राशि को वह किस्तों में भुगतान करेगा



# सुपेला बाजार क्षेत्र के तीन दुकानों को निगम की टीम ने किया सील, 37 लोगों के खिलाफ की चालानी कार्रवाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम की टीम ने चौथे दिन बुधवार को लाकडाउन के नियमों का उल्लंघन वाले 37 लोगों के खिलाफ 19800 रुपए की चालानी कार्रवाई की। आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर लॉक डाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, अब टोटल लॉकडाउन पर भी निगम की पैनी नजर होगी, मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक पर निकलने वालों पर भी कार्यवाही की जाएगी! आज निरीक्षण के दौरान सुपेला बाजार क्षेत्र में तीन दुकानों को खुला पाए जाने पर सील बंद कर दिया गया। राकेश किराना, संजय मसाला और एक अन्य किराना लाकडाउन में दुकान खोलकर व्यावसाय कर रहे थे। जिसे जोन-1 आयुक्त सुनील अग्रहरि के निर्देश व भिलाई नगर तहसीलदार की उपस्थिति में सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। जोन-1 के एआरओ शरद दुबे ने बताया कि सुपेला बाजार के राकेश किराना, संजय मसाला सहित एक अन्य किराना दुकान को सील बंद किया गया। तीनों दुकानदार को पहले भी लाकडाउन में दुकान न खोलने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद उन्होंने दुकान खोलकर व्यापार जारी रखा। आज जोन आयुक्त के निर्देशानुसार पंचनामा तैयार कर तीनों दुकान को सील किया गया। पुलिस के जवानों के साथ संजय नगर सुपेला बाजार को बंद कराया गया। वहीं बिना मास्क के घूम रहे पांच लोगों से 1000 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा नेहरू नगर में निर्धारित समय के बाद भी अंडा दुकान खुला पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई, यहां शिकायत यह भी थी कि अधिक दाम पर सामग्री का विक्रय किया जा रहा है।



# फीवर क्लीनिक में अब अधिक समय तक हो सकेगी कोरोना की जांच

भिलाई नगर/ भिलाई शहर में संचालित फीवर क्लीनिक में अब प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक प्रथम पाली में तथा दोपहर 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक द्वितीय पाली में कोरोना टेस्टिंग व सैंपल लेने का कार्य किया जाएगा! पहले यह समय बहुत ही कम था, जिससे दूसरे अस्पतालों में भीड़ लग रही थी तथा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, आयुक्त सह नोडल अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भिलाई क्षेत्र में संचालित फीवर क्लीनिक में कोरोना जांच की समय अवधि को बढ़ाने फीवर क्लीनिक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत फीवर क्लिनिक में कोरोना लक्षण आने पर जांच कराई जा सकती है! भिलाई क्षेत्र के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठ धाम, कोसानगर, खुर्सीपार एवं छावनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहका, वैशाली नगर, जुनवानी एवं बापूनगर में कोरोना टेस्ट की व्यवस्था की गई है! इससे अपने परिवार एवं दूसरों को भी संक्रमण मुक्त रखने में मदद मिलेगा! कोविड-19 से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना, साबुन या सेनीटाइजर से अपने हाथों को बार-बार धोना, ताजा गर्म भोजन ग्रहण करना, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से दूर रहना, मुंह एवं नाक को ढकने के लिए मास्क या अन्य उचित उपाय अपनाना, खासते व छिकते वक्त टिशू का इस्तेमाल करना, टिशू के नहीं होने पर गमछा, रुमाल का उपयोग करना एवं इसे समय-समय पर साफ करना, सामाजिक दूरी बनाए रखना बेहद आवश्यक है! कोविड-19 संकट के दौरान स्वयं की देखभाल और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक उपाय बताए जा रहे हैं !





# कोरोना वायरस को नष्ट करने सभी जोन से एक साथ चलाया अभियान, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में किया गया सैनिटाइज

भिलाई नगर/ भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में कोरोना के संक्रमण को रोकने शनिवार एवं रविवार को नगर निगम की टीम ने युद्घ स्तर पर अभियान चलाया। शासकीय भवन, सामाजिक भवन, भीड़भाड़ वाले थोक मार्केट क्षेत्र के दुकान और ऐसे स्थल जहां लोगों की दिनभर आवाजाही लगी रहती है। ऐसे स्थानों पर टैंकर स्प्रे मशीन से सोडियम हाइपोक्लोराइड घोल का छिड़काव कर कोरोना वायरस को नष्ट किया गया। जहां टैंकर नहीं पहुंच पाया। वहां मैनुअली हैंड स्प्रे से छिड़काव किया गया। जोन- 1 नेहरू नगर की टीम ने लक्ष्मी मार्केट, मटन मार्केट, सुपेला घड़ी चौक से डा राजेंद्र प्रसाद चौक तक रोड किनारे के मकान और दुकानों को सैनिटाइज किया। वहीं सुपेला हार्डवेयर लाइन होजियरी मार्केट के दुकानों में स्प्रे किया गया। जोन- 2 वैशाली नगर की टीम ने अम्बेडकर नगर, रामनगर, कब्रिस्तान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली नगर, वैशाली नगर थाना, बिजली ऑफिस और बैकुंठधाम मंदिर के सामने ग्राउंड को टैंकर स्प्रे मशीन से सैनिटाइज कराया गया। जोन -3 मदर टेरेसा की टीम ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस सब्जी मंडी, सर्कुलर मार्केट फल मंडी और मटन मार्केट, पशु चिकित्सालय रामनगर , जोन - 4 की टीम ने पावर हाउस शास्त्री मार्केट और नन्दिनी रोड के दुकानों को सैनिटाइज किया गया।



# भिलाई में काढ़ा वितरण प्रारंभ, विधि बताने के साथ ही, कोरोनावायरस की रोकथाम के लिए लोगों को कर रहे हैं जागरूक

भिलाई नगर/ जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम क्षेत्र में काढ़ा वितरण के निर्देश दिए हैं! निर्देश अनुरूप लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और कोरोना की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत आज से नगर निगम प्रशासन की टीम ने काढ़ा पैकेट का वितरण प्रारंभ कर दिया है। पहले दिन सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों की टीम ने चौक चौराहे पर काढ़ा के 500 पैकेट लोगों को बांटे। आगे भी इसी तरह से काढ़ा वितरण शिविर लगाकर किया जाएगा। आयुर्वेद चिकित्सालय ने उपलब्ध कराए थे 500 पैकेट निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सालय ने निगम प्रशासन को काढ़ा के कुल 500 पैकेट उपलब्ध कराया था। जिसे महापौर व विधायक श्री देवेंद्र यादव और आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार पांच जोन नेहरू नगर ,वैशाली नगर , मदर टेरेसा, वीर शिवाजी नगर, और सेक्टर 6 के सहायक राजस्व अधिकारी को 100-100 पैकेट वितरण के लिए दिया गया था। जिसे जोन के कर्मचारियों की टीम ने क्षेत्र में शिविर लगाकर वितरण किया। वितरण के दौरान सोशल डिस्टेसिंग के अनुपालन का पूरा ध्यान रखा गया! निगम प्रशासन के कर्मचारियों ने लोगों काढ़ा बनाने से पहले पैकेट के अंदर दी गई विधि एवं निर्धारित मात्रा में सुबह शाम तैयार कर सेवन की जानकारी दी। साथ ही अत्यावश्यक कार्य होने पर मास्क लगाकर घर से बाहर निकलने की अपील की गई। ऐसे तैयार करें काढ़ा





# स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के टूल किट विषय पर हुई कार्यशाला

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम के सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के अंतर्गत कार्यशाला हुई। कार्यशाला में निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, उपायुक्त व राजस्व अधिकारी श्री अशोक द्विवेदी, सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और जोन के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए। जहां मिनिस्ट्री आफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के अधिकारियों ने ऑनलाइन पावर पाइंट के माध्यम से स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के टूल किट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। स्वच्छता सर्वेक्षण -2021 के मापदंड में हुए कुछ बदलाव की जानकारी देते हुए नंबर-1 व स्वच्छ शहर की रैकिंग हासिल करने के लिए शत प्रतिशत घरों से कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन और एमआईएस एंट्री वाटर प्लस, सिटीजन फीडबैक, ओडीएफ प्लस प्लस इत्यादि के मापदंड पर फोकस करने कहा। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में शहरों के बीच विभिन्न श्रेणी में होने वाली प्रतिस्पर्धा, निर्धारित 6000 अंक प्राप्त करने के बारे में बताया। कार्यो की तीन चरणों में मानिटरिंग होने की जानकारी दी गई।

6000 अंकों के लिए होगी प्रतिस्पर्धा






**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई